U.P. ARCHITECTS ASSOCIATION®

Regd. Under the Societies (Uttar Pradesh Amendment 1975) Act 1860 Since 1987

A2304, Charms Castel, Raj Nagar Extension, Ghaziabad-201017 +91-9837393793 www.uparchitects.org

PRESIDENT
AR. JAGESH KUMAR
2, Prem Prayag Colony, Garh Road,
Meerut - 250 004
Mob.: +91-9837393793

GENERAL SECRETARY
AR. ANKIT AGARWAL
1st Floor, S2S, Nirmal Arcade 47,
Garh Road, Meerut - 250002
Mob.: +91-9997847510

PATRON
AR. YOGESH CHANDRA
Ghaziabad
(+91-9897177196)

I.P.P.
AR. VINEET GARG
Noida
(+91-9999082099)

VICE PRESIDENT

AR. ANKUR BANSAL
Meerut
(+91-9837081156)

AR. N.K. SHARMA
Ghaziabad
(+91-9810200635)

AR. VIPUL GUPTA
Noida
(+91-9350859500)

AR. VINAYAK GUPTA
Moradabad
(+91-9359438900)

TREASURER
AR. AMIT AGARWAL
Agra
(+91-9837016747)

JOINT SECRETARY
AR. AKSHAT GARG
Moradabad
(+91-9927208888)

CO-ORDINATOR
AR. CHIRAG GUPTA
Meerut
(+91-892712131)

पत्रांक संख्या: UPAA/SM/AB/2023/L-140
दिनांक: 14 अक्टूबर 2023

सेवा में
श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी जी
माननीय सांसद राज्य सभा
मेरठ

विषय:- उत्तर प्रदेश आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन (UPAA) को आवास बन्धु के नीतिगत निर्णयों में आवश्यक परामर्श हेतु सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

उत्तर प्रदेश आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन (यूपीएए) सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक पंजीकृत संस्था है। यूपीएए उत्तर प्रदेश में आर्किटेक्ट्स के लगभग बीस घटक शहरी चैप्टरों का संगठित मंच है, जिसमें प्रदेश के लगभग सभी शहरों से वास्तुविद सदस्य हैं, जो सम्बंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार हमेशा रखते रहे हैं, क्योंकि यूपीएए के मंच पर हर शहर के वास्तुविदों का प्रतिनिधित्व है, अतः यूपीएए उत्तर प्रदेश के सभी शहरी विकास एवं निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों एवं नीतियों पर परिष्कृत विचार एवं परामर्श को प्राप्त करने के लिए अति उपयुक्त संगठन हैं।

आवास बन्धु प्रदेश में संचालित विभिन्न निर्माण एवं नियोजन से सम्बंधित विभागों जैसे कि विकास प्राधिकरण, शहरी एवं ग्रामीण नियोजन विभाग जैसे विभिन्न सरकारी संस्थानों के लिए नीतिगत निर्णयों के लिए एक थिंक टैंक एवं निर्णायक संस्था है, जिसका प्रमुख उद्देश्य नियोजित एवं निर्णायक विकास को दिशा देना है।

For U.P. ARCHITECTS ASSOCIATION

Gen. Secretary

आवास बन्धु एवं यूपीएए के उद्देश्य एक दूसरे के पूरक हैं, अतः यह आवश्यक हो जाता है कि यूपीएए, आवास बन्धु के नीतिगत निर्णयों में अपने मंच के माध्यम से सहायता प्रदान करे। उपरोक्त मंतव्य को आपके समक्ष इस पत्र के माध्यम से इसलिए प्रस्तुत किया जा रहा है कि आवास बन्धु की नीतिगत निर्णयों से सम्बंधित होने वाली बैठकों, एवं नीतिगत निर्णयों हेतु विभिन्न सुझावों के लिए लिखे जाने वाले पत्रों में यूपीएए के नामित सदस्यों जैसे कि यूपीएए के अध्यक्ष अथवा/एवं उनके द्वारा नामित सदस्य को सम्मिलित किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है जिस हेतु श्री नितिन रमेश गोकर्ण द्वारा एसोसिएशन को मौखिक आश्वासन भी दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस प्रार्थना पत्र को सम्बंधित विभाग/प्राधिकारी के समक्ष अग्रसारित कर एसोसिएशन का पक्ष रखते हुए यूपीएए के अध्यक्ष अथवा/एवं उनके द्वारा नामित सदस्य को आवास बन्धु के नीतिगत निर्णयों में आवश्यक परामर्श हेतु सम्मिलित कराये जाने की कृपा करें ।

प्रार्थी इसके लिए आपके सदैव आभारी रहेंगे।

सादर

For U.P. ARCHITECTS ASSOCIATION

अंकित अग्रवाल (वास्तुविद) Gen. Secretary

महासचिव